भारत सरकार/ GOVERNMENT OF INDIA

खान मंत्रालय/ MINISTRY OF MINES

भारतीय खान ब्यूरो/ INDIAN BUREAU OF MINES

क्षेत्रीय खान नियंत्रक का कार्यालय

OFFICE OF THE REGIONAL CONTROLLER OF MINES

हिंदी कार्यशाला रिपोर्ट

दिनांक 28.09.2018

क्षेत्रीय कार्यालय, भुवनेश्वर

Regional Office, Bhubaneswar

भारतीय खान ब्यूरो, भुवनेश्वर में सितम्बर, ,2018 को समाप्त छमाही के लिए, दिनांक 28 सितम्बर, 2018 को ,**राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने तथा राजभाषा संबंधी अधिनियमों , नियमों एवं आदेशों के अनुपालन हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन सभागार (आडिटोरिएम) में किया गया।** इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी ने भाग लिया |

इस अवसर पर गणमान्य अतिथि के रूप में संस्थान के उप खान नियंत्रक श्री जी.सी.शेठी की उपस्थिति प्रेरणादायी रही। कार्यशाला का उद्घाटन समारोह दिनांक 28.09.2018 को पूर्वाह्न 10.30 बजे उप खान नियंत्रक श्री जी.सी.शेठी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया |हिंदी संपर्क अधिकारी श्री दयानन्द उपाध्याय ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया तथा कार्यशाला के दौरान होने बाले वर्ग के बारे में सभी

से अवगत कराते हुए उसे कैसे हम लोग अपने कार्यालय के दैनिक कार्य में उपयोग कर सकते है उसे बताया | कार्यक्रम का संचालन श्री महेश्वर मिश्र , उच्च श्रेणी लिपिक द्वारा किया गया । अंत में उप खान नियंत्रक श्री जी.सी.शेठी ने अपने संबोधन में अधिक से अधिक कार्य हिंदी भाषा के माध्यम से करने पर जोर देते हुए ऐसे कार्यक्रमों की उपयोगिता को वर्णित किया तथा सभी नामित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से निष्ठा पूर्वक इस कार्यक्रम में उपस्थित होने को कहा तथा इसे सफल बनाने पर बल दिया।

कार्यशाला का प्रथम एवं दूसरा व्याख्यान 11.00 बजे से 12.15 एवं 12.15 से 1.30 तक "**केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान एवं हिंदी शिक्षण योजना तथा "कार्यालयीन हिंदी के वाक्य साँचे** विषय पर **श्री डी.उपाध्याय,** वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक**,** भारतीय

खान ब्यूरो ,भुवनेश्वर द्वारा दिया गया, जिसमे उन्होंने सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हिंदी प्रशिक्षण संस्थान एवं विभित्र हिंदी शिक्षण योजन से सभी को अवगत कराते हुए यह बताया की कैसे हमलोग इस योजना का लाभ ले सकते है तथा उसके महत्व को समझाया गया | जिसे

प्रशिक्षणार्थीयों ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना एवं उसे ध्यानमग्न किया पुनः दूसरे वर्ग के दौरान उन्होंने कार्यालय में अकसर उपयोग होने बाले वाक्य से सभी को अवगत कराते हुए उसे कैसे आसानी से हिंदी में

लिख सकते है इसे बताया जो की प्रशिक्षणार्थीयों के लिए काफी फायदेमंद रहा | तथा अंत में उनके द्वारा ली गई वर्ग से सम्बंधित सामग्री को प्रशिक्षणार्थीयों के बिच वितरित किया गया |

पुनः भोजनावकाश के पश्चात् तीसरा व्याख्यान 2.30 से 3.45 एवं चौथा व्याख्यान 3.45 से 5.00 तक क्रमश **हिंदी टिप्पणी लेखन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण, "एक परिचय अधिसूचना और संकल्प , प्रेस विज्ञप्ति एवं प्रेस टिप्पणी पर**" विषय पर **श्री**

पी. एम सुन्दरेश्वर , सहायक प्रशासनिक अधिकारी , भारतीय खान ब्यूरो , भुवनेश्वर द्वारा लीया गया जिसमे उन्होंने टिप्पणी लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए से अवगत कराया गया जिसे प्रशिक्षणार्थीयों ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सुना तथा उसी समय सभी से कुछ टिप्पणीयाँ लिखाई गई जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थीयों बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा श्री **पी. एम सुन्दरेश्वर** ने सभी के लिखें टिप्पणी को पढ़ा तथा विद्यमान त्रुटियो से अवगत कराया तथा उसका निदान भी बताया जो की प्रशिक्षणार्थीयों के लिए काफी फायदेमंद रहा | उसके बाद दुसरे वर्ग में **अधिसूचना और संकल्प , प्रेस विज्ञप्ति एवं प्रेस टिप्पणी** विषय पर उनके द्वारा एक परिचय दी गई जो की काफी अच्छा रहा |

अंत में सभी प्रशिक्षणार्थीयों से प्रतिक्रिया फार्म भराया गया

कार्यशाला के अंत में 5.00 से 5.30 बजे तक समापन समारोह उप खान नियंत्रक श्री जी.सी.शेठी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ समापन कार्यक्रम का संचालन श्री एम. मिश्र, उच्च श्रेणी लिपिक , द्वारा किया गया | हिंदी संपर्क अधिकारी श्री दयानन्द उपाध्याय ने हिंदी कार्यशाला का ब्यौरा रखा तथा उन्होंने सभी से ज्यादा से ज्यादा हिंदी में कार्य करने की अपील की |

हिंदी कार्यशाला के अंत में श्री एम. मिश्र, उच्च श्रेणी लिपिक के द्वारा सभी के द्वारा दिए गए प्रतिक्रिया फार्म को पढ़ा गया जिसमे सभी ने हिंदी कार्यशाला के संबध में अपने सुझाव देते हुए कार्यशाला से क्या सिखने को मिला तथा सभी ने बढ़-चढ़ कर कार्यशाला के उपयोगिता को बताया जो संतोषप्रद

रहा |अंत में हिंदी कार्यशाला के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों को उत्साह व् लगन के साथ धैर्यपूर्वक शामिल होकर प्रशिक्षण लेने के लिए उप खान नियंत्रक श्री जी.सी.शेठी द्वारा सराहना की गई एवं भविष्य में कार्यालय में

ज्यादा से ज्यादा हिंदी का उपयोग हो इसकी आशा जताई अंत में, वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक **श्री डी.उपाध्याय** द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यशाला में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया | उक्त कार्यशाला का सफल आयोजन हिंदी संपर्क अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक खान नियंत्रक **श्री डी.उपाध्याय** के निर्देश में एवं कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री आशीष नारायण के मदद से किया गया |